(b) who is the technical or formal owner of that Railway or train; and

(c) whether that train is profitable and if not what is the annual loss?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K.C. LENKA): (a) and (b) Sir, the Hon'ble MPs are perhaps referring to the narrow gauge lines Achalpur-Murtijapur, Murtijapur-Yavatmal and Arvi-Pulgaon. These sections are not owned by the Indian Railways. These are owned by the Central Provinces Railways Co. Ltd.

(c) These lines are not profitable. The annual loss is about Rs. 3.5 crores.

देश में रेलगाड़ियों का संचालन

2851. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में बडी संख्या में चलाई जा रही रेलगाडियां आर्थिक दृष्टि से लाभकारी नहीं हैं ;

(ख) यदि हां, तो देश में इस प्रकार की कुल कितनी रेलगाडियां हैं और इन पर सरकार को कितनी औसत वार्षिक हानि उठानी पड रही है ;

(ग) क्या सरकार द्वारा इन रेल गाडियों को लाभकारी बनाने के लिए अभी तक कोई कार्यवाही की गई है ;

(घ) यदि हां, तो, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और क्या सरकार इन रेलमार्गों पर निजी क्षेत्र को सुविधायें प्रदान करके इन रेलगाडियों को लाभकारी बनाने की किसी योजना पर विचार करेगी; और

(ङ) यदि नहीं, तो दूसरे क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) :(क) गाडीवार लाभप्रदता का आकलन नहीं किया जाता है, बहरहाल समग्र आधार पर यात्री गाडियों के परिचाल से हानि हो रही है ।

(ख) से (ङ.) माल गाडियां, दिन-प्रति-दिन की आवश्यकताओं के आधार पर चलाई जा रही हैं जो यातायात की मात्रा पर निर्भर करती हैं, यात्री गाडियां हमेशा लाभप्रदता के मानदंड और आवश्यकताओं के आधार पर नहीं चलाई जाती है, अपितु उन्हें सुविधा के आधार पर तथा दूर-दराज , पिछडे तथा पहाडी क्षेत्रों में रेल परिवहन की व्यवस्था करने के लिए सामाजिक, आर्थिक आधार पर भी चलाया जाता है ।

हावड़ा से बोकारो स्टील प्लान्ट तक सुपरफास्ट रेलगाड़ी का चलाया जाना

2852. **श्री गया सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हावड़ा से दुर्गापुर स्टील प्लान्ट होते हुए बोकारो स्टील प्लांट तक सुपरफास्ट रेलगाड़ी चलाने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) क्या टाटा नगर (जमशेदपुर) से बोकारो स्टील प्लान्ट होते हुए पटना तक रात में कोई सुपरफास्ट रेलगाडी चलाने का प्रस्ताव है ; और

(ग) पटना से मद्रास एक्सप्रैस को सप्ताह में एक दिन की बजाए प्रतिदिन या सप्ताह में पांच दिन चलाने में सरकार को क्या कठिनाइयां पेश आ रही हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) : (क) और (ख) जी नहीं

(ग) संसाधनों की तंगी ।